## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

दोरनापाल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सीमा से लगे तेलंगाना के कुरनापल्ली के जंगलों में नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई. दोनों ओर से जमकर फायरिंग हुई. जिसमें जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है. सुरक्षाबलों को नक्सली के शव के पास से एक बंदूक भी बरामद हुआ है. घटना चेरला थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बल कुरनापल्ली के जंगलों में सर्चिंग पर निकले थे. उसी दौरान नक्सलियों ने पार्टी को देखकर फायरिंग करनी शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की. जिसमें एक नक्सली को ढेर कर दिया है. साथ ही कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। मारे गए नक्सली की पहचान चेरला एरिया कमेटी डिप्टी कमांडर अरुण के रूप में हुई है। इसके पास से बंदूक भी बरामद हुई है। नक्सली के शव को भद्राचलम लाया गया है।

### महासमुंद क्राइम ब्रांच की कार्यवाही, 105 किलो गांजा के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की मारुति स्विफ्ट डिजायर मे कुछ लोग ओडिशा से गांजा लेकर महासमुंद की ओर आ रहे है जिसपर क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा कोमाखान एरिया में मारुति स्विफ्ट डिजायर को रोक कर चेक किया गया जिसमें राहुल उर्फ ऋतुराज यादव पिता स्व जयनाथ यादव उम्र 29 वर्ष साकिन गढ़ाबाघराय थाना बक्सा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश विजयेंद्र कुमार यादव पिता गौरीशंकर यादव उम्र 30 वर्ष, गुड्डू कुमार गौतम पिता स्व मुन्नीलाल गौतम उम्र 18 वर्ष निवासी सलामतपुर थाना महाराजगंज जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश, राजेश गौतम पिता विभूतिगौतम उम्र 25 वर्ष निवासी हेमपुर थाना बक्सा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश बैठे मिले और कार की तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 105 किलो गांजा मिला जिस संबंध में पूछताछ करने पर ओडिशा मलकानगिरी कोटपाड़ से गांजा लाना और इलाहाबाद उत्तरप्रदेश गांजा को ले जाना बताये।बाद आगे कार्यवाही हेतु थाना कोमाखान में सुपुर्द किया गया उक्त कार्यवाही संतोष सिंह पुलिस अधीक्षक जिला महासमुंद के निर्देशन में क्राइम ब्रांच टीम एवम थाना कोमाखान द्वारा की गई।

### स्पाईक होल के चपेट में आने से दो जवान घायल

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर जिले के बासागुढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड ओपनिंग के कार्य में लगे कोबरा बटालियन के एक जवान तथा एक एएसआई स्पाईक होल की चपेट में आने से घायल हो गये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई का नाम एस के मिश्रा तथा जवान का नाम दुर्गा पटेल है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त घटना की पुष्टि डीआईजी आलोक अवस्थी ने की।

### पांच सूत्रीय मांग को लेकर ट्रांसपोर्टरों की बेमियादी हड़ताल, शहर में हजारों ट्रकों के थमे पहिये

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और मालवाहक वाहन मालक संघ के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल ने इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एशोसियन के आव्हान पर 05 सूत्री मांग को लेकर जारी बेमियादी को समर्थन देते हुए कहा की देश में डीज़ल की बढ़ती कीमतें और सड़क में गाड़ीवालों के साथ अपमान और अवैध वसूली पर रोक लगाये जाने की सख्त आवश्यकता है ।

### संविदा कर्मचारियों और एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल जारी

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के अलग-अलग विभागों में संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों और संजीवनी एवं महतारी एक्सप्रेस (108 व 102) कर्मियों की हड़ताल आज भी जारी रही। एंबुलेंस कर्मियो ने नेत्र व शरीद दान की घोषणा की है।

एक दिन पूर्व संविदा कर्मचारियों द्वारा बिना अनुमति के शहर के प्रतिबंधित क्षेत्र में रैली और धरना-प्रदर्शन की घटना को देखते हुए पुलिस के जवान आज सुबह से ही ईदगाह भाठा मैदान में तैनात रहे। पुलिस जवानों के घेरे में कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

### सिवनी में युवक ने की खुदकुशी

जांजगीर- चांपा (आरएनएस)। शहर के सिवनी में बुधवार को सुबह एक व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। घटना का कारण विवाद बताया जा रहा है। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सिवनी के वार्ड क्रमांक 20 रहने वाले विश्वजीत रोहिदास (23) ने घर में हुए मामूली विवाद को लेकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर अवस्था में चांपा बीडीएम हॉस्पिटल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक आए दिन शराब के नशे में चूर रहता था। जब शराब के लिए पैसे नहीं मिलते थे तो विवाद करता था और मारपीट पर उतारू हो जाता था।

# राष्ट्रपति पहुंचे जगदलपुर: हल्की बूंदाबांदी के बीच आत्मीय स्वागत



*हीरानगर में राष्ट्रपति ने पत्नी संग चंपा के ई रिक्शा में की सवारी, महिला स्वसहायता समूह और किसानों से की मुलाकात।*

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के अंतर्गत दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के दो दिन के दौरे पर आज सवेरे भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा नईदिल्ली से संभागीय मुख्यालय जगदलपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने विमान तल पर हल्की बूंदा-बांदी के बीच उनकी अगवानी की और आत्मीय स्वागत किया।

राष्ट्रपति जगदलपुर विमान तल में कुछ देर रूकने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ हेलीकॉप्टर से दंतेवाड़ा जिले के लिए रवाना हो गए।

जगदलपुर विमान तल पर उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा मंत्री तथा बस्तर (जगदलपुर) जिले के प्रभारी प्रेमप्रकाश पाण्डेय, वन मंत्री महेश गागड़ा और बस्तर के लोकसभा सांसद दिनेश कश्यप सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

राष्ट्रपति का स्वागत करने वालों में जगदलपुर के विधायक संतोष बाफना, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती जबिता मंडावी, महापौर जगदलपुर नगर निगम जतिन जायसवाल, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अजय सिंह, बस्तर संभाग के कमिश्नर दिलीप वासनीकर, कलेक्टर बस्तर धनंजय देवांगन और प्रशासन के अन्य अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

## राफेल विमान सौदे में 12,632 करोड़ रूपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया-टीएस सिंहदेव

### रक्षामंत्री ने संसद में सौदे की गलत जानकारी देकर देश को गुमराह किया-बघेल

रायपुर (आरएनएस)। संसद में 20 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत और फ्रांस के बीच राफेल डील सौदे में विमानों की खरीदी के लिए अनुबंध किये जाने की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षामंत्री सीता रमण पर असत्य कथन कर संसद को गुमराह करने का आरोप लगाया था। इसी संदर्भ में आज कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि विमान समझौते में यूपीए सरकार के समय तय की गई कीमतों से अधिक 12632 करोड़ रूपये का भुगतान कर



देश की राजस्व हानि की गई है। वार्ताकारों ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में हुए समझौते में 36 राफेल विमानों की खरीदी के लिए प्रति विमान 526.10 करोड़ रूपये के हिसाब से 18940 करोड़ रूपये भुगतान करने का अनुबंध में उल्लेख किया गया था किंतु मोदी सरकार द्वारा 36 विमानों के लिए 60.145 करोड़ रूपये प्रति विमान चुकाकर देश का आर्थिक नुकसान किया गया। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने जारी बयान में मोदी सरकार पर अनावश्यक भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। साथ ही सार्वजनिक तौर पर तकनीकी गोपनीय जानकारी जनहित में जारी नहीं करने का अनुबंध में उल्लेख किया गया है।

## सावन में भोलेनाथ के अभिषेक की तैयारियों में सज रहे मंदिर

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ी पूर्णिमा के बाद 28 जुलाई से सावन का महीना प्रारंभ हो रहा है। शास्त्रोक्त मान्यता के अनुसार भोलेनाथ की भक्ति के लिए सावन का महीना सर्वोत्तम होता है। पं. विनीत शर्मा ने बताया कि इस बार सावन का महीना पूरे 30 दिन का होगा। उक्त अवधि में 4 सावन सोमवार के अवसर पर भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। सावन सोमवार के शुभअवसर पर शहर के सभी नये -पुराने शिव मंदिरों में रंगरोगन एवं सजावट का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। शहर के अतिप्राचीनतम मंदिर हटकेशवरनाथ रायपुरा महादेवघाट, दूधाधारी मंदिर मठपारा, बुढ़ेश्वर महादेव बुढ़ापारा, शिवमंदिर कंकाली पारा, शिव मंदिर रावांभाठा, बिरन्ची नारायण मंदिर पुरानी बस्ती, शिवमंदिर ठाकुरटोला कोटा एवं प्राचीनतम शिव मंदिर एकता रोड गुढ़ियारी सहित सभी शिवमंदिरों में भक्तों का जमावड़ा भोलेनाथ की भक्ति में लीन होगा। राजीव लोचन मंदिर के समीप महानदी के बीचों-बीच कुलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लाभ से श्रध्दालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। पं. अरविंद मिश्रा के अनुसार कुलेश्वर महादेव का दर्शन जहां भक्तों का कष्ट दूर करता है। वहीं पापों का नाश कर अक्षय सुखों की प्राप्ति भक्तों को होती है।

## जवानों के लिए ले जा रहे राशन को नक्सलियों ने लूटा



सुकमा (आरएनएस)। दोरनापाल धुर नक्सल प्रभावित इलाका बुरकापाल चिंतागुफा क्षेत्र में नक्सलियों ने जवानों के लिए ले जा रहे राशन को लूट लिया। सीआरपीएफ जवानों के लिए राशन ले जाया जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मौके पर बड़ी संख्या में हथियारबंद नक्सली मौजूद थे. जो चिंतागुफा इलाके में मार्ग पर स्थानीय टैक्सियों से ले जा रहे गाड़ियों को रोककर उसमें लदे राशन को ले गए है। दोरनापाल बाजार से जवानों के लिए राशन खरीदा गया. और स्थानीय टैक्सियों में लादकर नक्सल इलाके में मौजूद सीआरपीएफ 150 बटालियन और कोबरा 206 बटालियन के लिए ले जाया जा रहा था. तभी जंगल से बड़ी संख्या में नक्सली गाड़ी के सामने आ गए. और वाहन से सारा सामान उतार लिया इस गाड़ी में जवानों के दैनिक उपयोगी समान और खाने का समान रखा हुआ था।

## भिलाई में चला टिकिट चेकिंग अभियान: 23540 रुपये जुर्माना वसूला

रायपुर (आरएनएस)। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल अंतर्गत भिलाई नगर एवं भिलाई पावर हाऊस में मंगलवार को टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में 23 हजार 540 रूपये जुर्माना वसूला गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के नेतृत्व में आज एम्ब्रुश टिकट चेकिंग अभियान चलाया



गया। इस अभियान में 5 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 8 टीटीई स्टाफ एवं 8 आरपीएफ स्टाफ भी शामिल थे। इस दौरान भिलाई पावर हाउस एवं भिलाई नगर स्टेशन में सुबह 7.30 बजे से दोपहर 15.30 बजे तक एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों में सघन टिकिट जांच कि गई।

इस टिकट चैकिंग अभियान में कुल 94 मामलो से बतौर जुर्माना 23540 रूपये वसूला गया जिसमें बिना टिकट के 87 मामलों (ए-केस) से 22840 एवं बिना बुक लगेज के 07 मामलों (सी-केस) से 700 रूपये शामिल हैं।

एम्ब्रुश टिकट चैकिंग के दौरान छोटे स्टेशनों पर गाड़ी पहुचते ही औचक घेराबंदी कर टिकिट जाँच की जाती है। जिसमें स्टेशन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं उनकी जांच टीम ने टिकट चैकिंग के दौरान यात्रियों को यात्रा हेतु उचित टिकट लेकर यात्रा करने हेतु काउंसलिंग भी किया।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफार्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ-सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## उत्तरपुस्तिका जांचे बिना अंक देने के प्रकरण ने और अधिक तूल पकड़ा

जगदलपुर (आरएनएस)। बविवि में आरोप के अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षा के बाद दी गई उत्तरपुस्तिकाओं की बिना जांच किये अंक देने का प्रकरण और अधिक उभार पर आ गया है और एक बड़े वर्ग द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस संबंध में गत सप्ताह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसी मुद्दे पर विवि का घेराव कर विवि प्रशासन को दोषी व्यक्तियों को बचाने और इनमें लिप्त संबंधित व्यक्तियों को दण्डित किये जाने की चेतावनी दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके अलावा सभी विद्यार्थी संगठन एवं विद्यार्थी उत्तेजित हैं तथा विवि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठ रही हैं।



उल्लेखनीय है कि बस्तर का एक मात्र विवि पिछले कई वर्षो से अपनी कार्य प्रणाली को लेकर लगातार संदेह की दायरे में रहा है।

## बीयू के छात्रों को ऑनलाइन आवेदन के लिए अब 29 तक का समय मिला नया आदेश जारी

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलिज के छात्रों को ऑनलाइन आवेदन के लिए अब 29 जुलाई तक का समय होगा। बीयू प्रशासन ने पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 22 जुलाई तक निर्धारित की थी। सभी पोर्टल 22 की आधी रात 12 बजे बंद कर दिए गए थे। लेकिन बीयू के 178 कॉलेजों में से कई कॉलेज के छात्रों द्वारा रिजल्ट में देरी या पोर्टल संबंधी समस्या के काण आवेदन नहीं कर पाए थे। बीयू के सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. प्रवीण पांडेय ने सोमवार को आदेश जारी कर सभी कॉलेजों को 29 जुलाई तक आवेदन कराने और 30 जुलाई तक पोर्टल से अस्थायी मेरिट सूची डाउनलोड कर एडमिशन देने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि पीजी, डिप्लोमा, एलएलबी, एलएलएम एवं अन्य पाठ्यक्रमों के फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पोर्टल 29 तक खुले रहेंगें। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र 29 की रात 12 बजे से पहले ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मिलने के बाद सभी कॉलेज अस्थायी मेरिट सूची 30 जुलाई को डाउनलोड कर छात्रों को प्रवेश देंगे। ज्ञात हो कि ऑनलाइन आवेदन के लिए फेज 1 की प्रक्रिया 16 जून से 13 जुलाई तक शुरू की गई थी। इसे बाद में 22 जुलाई तक एक्सटेंड किया गया। लेकिन कुछ कॉलेजों में आवेदन समय से नहीं मिलने या विलंब से संबद्धता अनुमति मिलने के कारण तिथि एक बार फिर बढ़ाई गई है।

## खमतराई से 14 साल की नाबालिग गायब

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई थाना क्षेत्र के आडवाणी कालोनी में रहने वाली एक 14 साल की नाबालिग गायब हो गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। खमतराई थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि आडवाणी कालोनी निवासी 35 वर्षीय प्रार्थीया ने शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 24 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे प्रार्थीया की 14 साल की पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।